'समानो मन्त्रः समितिः समानी'

# UNIVERSITY OF NORTH BENGAL

B.A. Major 1st Semester Examination, 2024

## UHINMAJ11001-HINDI

## आदिकाल : साहित्येतिहास एवं काव्य

Time Allotted: 2 Hours 30 Minutes — Full Marks: 60

*The figures in the margin indicate full marks.*

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए — $1\times8 = 8$

(क) आदिकाल को 'आरम्भिक काल' नाम किसने दिया ?

(ख) गोरखनाथ के गुरु का नाम क्या था ?

(ग) 'परमाल रासो' किसकी रचना है ?

(घ) आ॰ शुक्ल ने किस साहित्य पर 'सांप्रदायिकता' का आरोप लगाकर अपने इतिहास ग्रंथ में शामिल नहीं किया ?

(i) संत साहित्य (ii) सिद्ध-नाथ साहित्य (iii) सूफी काव्य (iv) इनमें से कोई नहीं

(ङ) 'विद्यापति पदावली' की भाषा क्या है ?

(च) आ॰ हजारी प्रसाद द्विवेदी ने किसे हिन्दी का प्रथम कवि माना है ?

(छ) आदिकाल की समय-सीमा है —

(i) 1050-1275 ई॰ (ii) 1050-1375 ई॰ (iii) संवत् 1075-1350 (iv) संवत् 1050-1375

(ज) आदिकालीन रासो साहित्य की प्रमुख प्रवृत्तियों से संबंधित कौन-सा कथन सही नहीं है ?

(i) इस काव्य में राष्ट्रप्रेम का सुंदर चित्रण किया गया है।

(ii) युद्धों का सजीव चित्रण इस साहित्य की प्रमुख विशेषता है।

(iii) इसमें शौर्य और विलासिता का स्वाभाविक और सजीव चित्रण हुआ है।

(iv) श्रृंगार और वीर रस का एक साथ चित्रण इसकी प्रमुख विशेषता है।

2. निम्नलिखित में से किन्हीं ***पाँच*** प्रश्नों के अधिकतम 30 शब्दों में उत्तर लिखिए — $2\times5 = 10$

(क) संध्या भाषा किसे और क्यों कहा जाता है ?

(ख) 'रासो' का क्या अर्थ होता है ?

(ग) 'पिंगल' से आप क्या समझते हैं ?

(घ) 'पृथ्वीराज रासो' को प्रामाणिक रचना मानने वाले किन्हीं दो विद्वानों के नाम लिखिए।

(ङ) नाथ सम्प्रदाय में 'हठयोग' का क्या अर्थ होता है ?

(च) आदिकालीन किन्हीं दो लौकिक साहित्यकारों एवं उनकी कृतियों के नाम लिखिए।

(छ) आ० शुक्ल के अनुसार 'साहित्य का इतिहास' क्या है ?

(ज) 'पंचमकार' क्या है ?

3. निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** प्रश्नों के अधिकतम 150 शब्दों में यथानिर्देश उत्तर लिखिए — 4×3 = 12

(क) सरहपा का साहित्यिक परिचय दीजिए।

(ख) "उतपति हिन्दू जरणां जोगी अकलि परि मुसलमांनी
ते राह चीन्हों हो काजी मुलां ब्रह्मा बिस्नू महादेव मांनीं।"
प्रस्तुत दोहे की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए।

(ग) जैन साहित्य पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

(घ) आदिकाल का नाम 'सिद्ध-सामंत युग' किसने और क्यों रखा ?

(ङ) "तोहर बदन सम चान होअथि नहि
जइओ जतन विहि देला।
कए बार काटि बनाओल नव कए
तइओ तुलित न भेला।।"
उक्त छंद की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए।

4. निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** प्रश्नों के अधिकतम 500 शब्दों में उत्तर लिखिए — 10×3 = 30

(क) पृथ्वीराज रासो की प्रामाणिकता पर विचार कीजिए।

(ख) पठित दोहों के आधार पर गोरखनाथ की सामाजिक चेतना पर प्रकाश डालिए।

(ग) "विद्यापति का काव्य भक्ति और श्रृंगार का पावन संगम है।" — इस कथन से आप कहाँ तक सहमत हैं ? तर्कसम्मत उत्तर दीजिए।

(घ) सिद्ध साहित्य की प्रवृत्तियों पर आलोकपात कीजिए।

(ङ) हिंदी साहित्य के इतिहास लेखन की परम्परा में शामिल प्रमुख इतिहास ग्रंथों का महत्त्व प्रतिपादित कीजिए।

——×——